
मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 96 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी सोमवार 18 दिसंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4



पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार
पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## जातिय समीकरण बताने वालों के लिये आईना दिखा रहे चुनाव परिणाम




सिवनी यशोः- विधानसभा चुनाव संपन्न होने के पश्चात जो चुनाव परिणाम आये वह कई तरह के संदेश दे रहे है और उन संदेशो को राजनैतिक क्षेत्र में काम करने वाले बेहतर समझ भी रहे है । प्रदेश के अन्य हिस्सों में जातिय समीकरण और किसी एक मुद्दे पर वोटों का ध्रुवीकरण किया जाना, प्रलोभन या दहशत चुनाव परिणाम को प्रभावित करने की क्षमता भले ही रखती हो परंतु सिवनी जिला इससे एक दम अछूता है और आये चुनाव परिणामों ने इस बात को बिल्कुल स्पष्ट कर दिया है । इसके साथ यह बात भी साफ हो चुकी है कि मतदाता बहुत समझदारी से अपने मत का प्रयोग कर रहे है । मतदाता इस बात को बेहतर समझता है कि कौन चुनाव में जीत हार के लिये मैदान में है और कौन चुनाव में वोट काटने के लिये खड़ा हुआ है । आये परिणामों में स्पष्ट दिख रहा है कि जो राजनैतिक दल चुनावी मुकाबले में थे मतदान उन्ही के पक्ष में हुआ है वोटों का विभाजन करने वाले प्रत्याशियों को स मानजनक मत प्राप्त नहीं हुये है यहाँ तक कि गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रत्याशियों को भी इस बार के चुनाव में सामाजिक आधार पर जो वोट प्राप्त करने की अपेक्षा थी वह मत डन्हें प्राप्त नहीं हुआ है ।

### जातिय समीकरण के आधार 2018 में कांग्रेस के प्रत्याशी कमजोर साबित हुये

चुनाव परिणााम स्पष्ट रूप से यह कह रहे है कि कम से कम सिवनी जिले की राजनीति में जातिवाद का जहर प्रभावी नहीं है मतदाताओं ने इस बात को केवल इसी चुनाव में नहीं इसके पूर्व के चुनावों में भी स्पष्ट रूप से परिणाम के जरिए बताया है परंतु राजनीति में जाति समीकरणों की दुहाई देकर राजनैतिक व्यक्ति अपनी ठेकेदारी जाते रहे है परंतु जातिय आधार पर मतदान प्रभावित



नहीं हुआ । सिवनी विधानसभा चुनाव के परिणामों पर ही यदि नजर डाले तो 2018 के विधानसभा चुनाव में मोहन सिंह चंदेल को कांग्रेस ने कुर्मी समाज के वोटों सेंध लगाने की मंशा से विधानसभा का टिकिट दिया था परंतु कांग्रेस की सोशल इंजीनियरिंग बुरी तरह फेल हुई थी और मोहन सिंह चंदेल को कम वोट कुर्मी बाहुल्य क्षेत्र से ही प्राप्त हुये थे वहीं मोहन सिंह चंदेल को विधानसभा चुनाव में महज 38 प्रतिशत वोट प्राप्त हुये जबकि इनके साथ जातिय समीकरण था जबकि भाजपा के प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन को 50 प्रतिशत मत प्राप्त हुये थे । 2018 के विधानसभा चुनाव में गोगपा को महज 3.02 प्रतिशत मत



प्राप्त हुये थे । इसी प्रकार अन्य प्रत्याशी जिन्हें जातिय संप्रदाय के आधार पर वोट मिलने का गुमान रहता उन्हें भी नाममात्र के मत ही प्राप्त होते है और 2018 तथा 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी को पचास प्रतिशत से अधिक मत ही प्राप्त हुये है ।

### 2023 के चुनाव में आनंद ने लिये अधिक वोट

अब यदि 2023 के विधानसभा चुनाव की चर्चा करें तो कांग्रेस ने बिना जातिय समीकरण के आधार पर युवा सिंधी समाज के युवा आनंद पंजवानी को विधानसभा का टिकिट दिया । आनंद पंजवानी को बिना किसी जातिय समीकरण के 2018 के कांग्रेस उ मीदवार मोहन सिंह चंदेल से केवल अधिक मत ही प्राप्त नहीं हुये बल्कि मत मिलने का प्रतिशत भी अधिक रहा । आनंद पंजवानी को मोहन चंदेल से चार प्रतिशत अधिक मत प्राप्त हुये । हालांकि इस विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को भी पिछली बार से आधा प्रतिशत अधिक मत प्राप्त हुये और 50 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त कर भाजपा प्रत्याशी विजयी रहे । चुनाव परिणाम से स्पष्ट है कि जातिय संप्रदाय के नाम पर चुनाव लड़ने वाले निर्दलीय प्रत्याशियों को मतदाता समझने लगा है उन्हें इस चुनाव में भी बहुत अधिक मत प्राप्त नहीं हुआ ।

### भाजपा प्रत्याशी के विरोध में हुये षडयंत्र को बेअसर किया मतदाताओं ने

2023 के विधानसभा चुनाव में एक बात और सिवनी विधानसभा क्षेत्र में रही है कि भाजपा प्रत्याशी के विरोध में बघेल समाज को भड़काने का षडयंत्र चलते रहा है । चुनाव के पूर्व से इस प्रकार के प्रयास तो चलते ही रहे परंतु चुनाव के दौरानआपराधिक षडयंत्र करते हुये फर्जी बातो के गांव गाँव पोस्टर चिपकाएँ गये थे जिसके माध्यम से प्रभावकारी बघेल समाज एवं कुर्मी समाज के मतदाताओं को भाजपा प्रत्याशी के विरोध में भड़काने के लिये अनर्गल प्रचार किया गया था परंतु मतदाता की समझदारी रही कि वह दुष्प्रचार भी बेअसर ही रहा है ।

### शराब चुनाव का फैशन बन गयी है

चुनाव के दौरान जातिय संप्रदाय के आधार पर ध्रुवीकरण करने वाले ठेकेदारों को मतदाता करारा जबाव देने में तो सक्षम दिखाई और बहुत अधिक बेअसर प्रलोभन भी रहा परंतु शराब का प्रचलन पूरे चुनाव के दौरान अंधाधुध रहा । जानकार बताते है कि चुनावी वातावरण बिना शराब के नहीं बन पाता चुनाव में शराब का मनमाना वितरण प्रत्याशी दिलेरी का प्रमाणिकरण बन गया है । जानकारों के अनुसार चुनाव के दौरान गांव गांव में बांटी गयी शराब आज भी महिफिले सजाने का काम कर रही है इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि शराब कितनी बड़ी मात्रा में बांटी गयी है । पूरे चुनाव के दौरान सारे मुद्दे समस्याओं का कोइ महत्व नहीं केवल शराब महत्वपूण्र हो जाती है । बांकी सब मामलों में मतदाता जागरूक है परंतु शराब चुनावी फैशन बन गयी है ।

### *स्थापित नेताओं का विरोध भी कारगर नहीं*

वहीं दलगत राजनीति करने वालों के विरोध भी इस चुनाव में बेअसर रहा ही रहा । भाजपा प्रत्याशी के विरोध में भाजपा के लगभग सभी असदार नेता चुनावी प्रचार से दूर रहे हालांकि छोटा कार्यकर्त्ता भाजपा को जिताने के लिये पूरी ताकत लगाये हुये था और बड़े बडे नेता अपने आप को चुनावी अभियान से दूर रखे हुये थे । वहीं कांग्रेस में जिस तरह से निष्कासन हो रहे है वह भी स्पष्ट कर रहा है कि कांग्रेस में भी अनेक जि मेदार नेता कांग्रेस विरोधी काम करते रहे है परंतु कांग्रेस भले ही जीत न पाई हो परंतु उसके वोटों में इजाफा हुआ है ।

## दिनेश राय मुनमुन को मंत्री मंडल में स्थान मिलना चाहिये



सिवनी यशोः- सिवनी जिला पूरे शिवराज सरकार के दौरान खाली रहा है । शिवराज सरकार के बाद भाजपा की मोहन सरकार मध्यप्रदेश में काबिज हुई है । अनुमान लगाया जा रहा है सिवनी जिले को इस बार मंत्री मंडल में स्थान मिलना सुनिश्चित है । सिवनी जिले से कलार समाज के एक प्रतिनिधि की ओर से कहा गया है कि जातिय गत समीकरण के हिसाब से यदि मंत्रीमंडल में विधायक को स्थान दिया जाता है तो महाकौशल क्षेत्र की सिवनी विधानसभा से लगातार तीसरी बार विधायक निर्वाचित होने वाले दिनेश राय मुनमुन को स्थान दिया जाना चाहिये । बालाघाट लोकसभा, मंडला लोकसभा, जबलपुन लोकसभा, छिंदवाड़ा, नरसिंगपुर सिवनी जिले में कलार समाज की सं या पर्याप्त है । संभव है कलार समाज के प्रतिनिधि के रूप में दिनेश राय मुनमुन को मंत्रीमंडल में स्थान प्राप्त होगा ।

## प्रशासन ने मांस-मछली व्यवसायियों को दी समझाईस

सिवनी यशोः- कले टर श्री क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में जिले में खाद्य सुरक्षा प्रशासन प्रदेश शासन एवं कमिश्नर खाद्य सुरक्षा प्रशासन डॉ.सुदाम खाड़े के आदेशानुसार खाद्य प्रशासन विभाग के दल द्वारा मटन-मछली (मीट) मार्केट सिवनी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल द्वारा मांस मछली का व्यवसाय करने वालों को खुले में मांस-मछली का विक्रय न करने, विहित खाद्य लाइसेंस लेकर वर्णित नियमों के अनुसार व्यवसाय करने, दुकान में साफ सफाई रखने के लिए निर्देशित किया गया।

## शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से स पन्न हुई राज्य सेवा परीक्षा

सिवनी यशोः- रविवार 17 दिसंबर को जिले के सभी 10 परीक्षा केंद्रों में राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई। प्रातः 10 से 12:00 बजे के प्रथम सत्र में पंजीकृत 3843 परीक्षार्थियों में से 2997 उपस्थित तथा 846 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। इसी तरह दोपहर 215 से 415 को आयोजित द्वितीय सत्र में 2974 उपस्थित तथा 869 अनुपस्थित पाए गए। स पूर्ण परीक्षा अवधि में प्रशासनिक अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का सतत निरीक्षण किया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा से आमजनों को मिले व्यापक लाभ - आलोक

**सिवनी के मैली एवं बरघाट के आमगढ़ में शामिल हुये भाजपा जिलाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी**




सिवनी यशोः- केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने के लिये जिले में 16 दिसंबर से प्रारंभ हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा में सिवनी विकासखंड की यात्रा ग्राम पंचायत मैली पहुँची जहाँ भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, भाजपा संगठन की ओर से यात्रा के जिला प्रभारी जयदीप सिंह चौहान जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण भलावी, सरपंच आसिफ जरदारी, विनीश दुबे सुंदर सनोडिया एवं यात्रा के लिये नियुक्त शासकीय अमला शामिल हुआ । उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों ने कन्या पूजन के साथ यात्रा का स्वागत किया एवं ग्रामीणो को भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकसित भारत यात्रा के उद्देश्य की जानकारी दी तथा ग्रामीणों से कहा कि जो भी व्यक्ति किसी योजना से वंचित रह गया है वह इस यात्रा के माध्यम से लाभ आवश्य प्राप्त करें ।

इसी प्रकार विकसित भारत संकल्प यात्रा बरघाट जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत आमागढ़ पहुँची जहाँ भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे बरघाट विधायक कमल मर्सकोले, जयदीप सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती मीना बिसेन, भाजपा जिला मंत्री श्रीमती गोमती ठाकुर, डां. अभिजीत चौहान बरघाट जनपद अध्यक्ष श्रीमती आभा रांहगडाले , बरघाट मंडल अध्यक्ष विवेक बिसेन, जितेन्द्र राहांगडाले एवं शासकीय अमला उपस्थित रहा ।

बरघाट विधायक कमल मर्सकोले ने समस्त ग्रामीणों को समझाया कि भारत सरकार की योजनाओं के संबंध में यात्रा के दौरान जानकारी दी जा रही है इस जानकारी के आधार पर हर वह पात्र व्यक्ति जो योजना का लाभ ले सकता है आवश्य प्राप्त करें । योजना का लाभ लेने से एक व्यक्ति लाभांवित नहीं होता उसके माध्य्रम से वह भारत के विकास की एक इकाई को पूर्ण करता है विकसित भारत का निर्माण हर छोटी छोटी इकाई के माध्यम से सुनिश्चित होता है और इस यात्रा का मु य उद्देश्य हर व्यक्ति को विकास की मु यधारा से जोड़ने का है ।

## लेदर बाल वेटरन टूर्नामेंट जेस एलेवन ने 54 रन से जीता मैच




सिवनी यशोः- जेस परिवार के तत्वथान में आयोजित लेदर बाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन हुए मैच में मु य अतिथि के रूप में सिवनी के उथव प्रसाद डहेरिया , भरतलाल ब्रह्मे, आसिफ लाल और जैस परिवार के सभी सदस्य उपस्थित थे । प्रतियोगिता का पहला मैच जैस ब्लू और एडवोकेट सीनियर के बीच खेला गया जिसमें जैस ब्लू ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया निर्धारित 20 ओवर के मैच में जैस ब्लू ने 177 रन बनाए जिसमे सर्वाधिक स्कोर बलधर यादव ने 69 रन 36 बाल पे और योगेश गढ़पाले ने 46 रन 35 बाल पे बनाए । जवाबी पारी खेलने उतरी ऐडवोकेट सीनियर 123 रनो पे सिमट गई एडवोकेट सीनियर की तरफ से सर्वाधिक स्कोर नीरज ठाकुर ने 34 रन का योगदान दिया । जैस ब्लू की ओर से मनीष चौरसिया ने 5 और अरुण यादव जी ने 2 विकेट हासिल किए । *मैच में मैन ऑफ द मैच मनीष चौरसिया को प्रदान किया गया* । मैच में निर्णायक की भूमिका सुनील सिंग और एडवोकेट अमित राजा यादव ने निभाई । वही ऑनलाइन स्कोरिंग में आदि सरनागत रहे । टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण गौतम डिजिटल के माध्यम से यूट्यूब लाइव किया जा रहा है ।

प्रतियोगिता के आयोजक अरुण यादव जी ने बताया कि कल सोमवार को पहला मैच सुबह 9 बजे एमसीजी गोपालगंज और एडवोकेट जूनियर और दूसरा मैच जैस ब्लू और शाइनिंग स्टार के बीच दोपहर 1 बजे से मैच खेला जाएगा । सभी खेल प्रेमियों से निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा सं या में आकर प्रतियोगिता को सफल बनाएं ।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

### प्रचार रथ के माध्यम से दी गई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी



सिवनी यशोः- भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ शतप्रतिशत लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने, नागरिकों को हितग्राहीमूलक योजनाओं में उपलब्ध कराये गये लाभ और विभिन्न सुविधाओं को लोगों के साथ साझा करते हुये उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से 16 दिस बर से 26 जनवरी 2024 तक चलने वाली %%विकसित भारत संकल्प यात्रा%% स पूर्ण प्रदेश के साथ ही जिले में भी ग्रामवार-वार्डवार संचालित की जा रही हैं।

"विकसित भारत संकल्प यात्रा" अंतर्गत प्रचार रथ 17 दिस बर को बरघाट विकासखण्ड के ग्रामपंचायत कोडोपार एवं आमागढ, छपारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत नांदिया कलॉ, धनौरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सर्रा एवं तुआघोरा, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत किंदरई एवं धूमामाल, केवलारी की ग्राम पंचायत बाघडोंगरी एवं दुरैंदा, कुरई की ग्राम पंचायत मोहगांव सडक एवं ऐरमा, लखनादौन की ग्राम पंचायत गौराबीबी एवं पाथरकाठी तथा सिवनी विकासखण्ड की परासिया, गौरखपुर कलॉ, मैली एवं बोरदई पहुँची। ग्राम में प्रवेश के दौरान प्रचार का रथ का जगह-जगह स्वागत किया गया। तथा ग्रामवार कार्यक्रम आयोजित कर प्रचार रथों में उपलब्ध एलईडी वॉल के माध्यम से ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।इसके साथ ही साथ मौके में उपस्थित विभिन्न विभागों के मैदानी अमलें द्वारा पत्र हितग्राहियों को लाभांवित किए जाने की कार्यवाही भी की गई।

**आज यह पहुँचेंगे प्रचार वाहन**

18 दिस बर को बरघाट विकासखण्ड के ग्रामपंचायत विजयपानीकला एवं पखारा, छपारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मुडरई, धनौरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत धनौरा एवं घुघरीमाल, घंसौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत केदारपुर एवं पाटन, केवलारी की ग्राम पंचायत पांडियाछपारा, लखनादौन की ग्राम पंचायत जोबा,पतलोन एवं खूबी तथा सिवनी विकासखण्ड की बंडोल, अलोनिया, ब हनी तथा सुकवाहा पहुचेगी।

**इन योजनाओं का मिलेगा लाभ**- विकसित भारत संकल्प यात्रा में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान स मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड व उन्नत कृषि यंत्र तथा शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, खेलो इंडिया, आरसीएस- उड़ान, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना को स मिलित किया गया है। यह प्रचार रथ उल्लेखित योजनाओं का एलईडी वॉल के माध्यम से प्रचार-प्रसार करेंगे। इस अवसर पर मैदानी अमला उपस्थित रहकर पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने का कार्य भी करेगा।

## मध्य प्रदेश मांझी ढीमर समाज सोसाइटी द्वारा सामाजिक बैठक का किया गया आयोजन

### बैठक मैं विभिन्न विषयों पर लिया गया निर्णय-



छपार यशोः- नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 14 के हनुमान वार्ड अंतर्गत छपारा खुर्द में मध्य प्रदेश मांझी ढीमर समाज द्वारा विगत दिनों एक सामाजिक बैठक की गई जिसमे इसके अध्यक्ष पच्चू बर्मन के द्वारा जानकारी दी गई की संगठन के सभी सदस्यों से सदस्यता शुल्क का निर्धारण, समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य करना जिसमे सामाजिक बुराइयों को दूर करने के साथ ,समाज के समग्र विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य,शुद्ध पेयजल,जल संरक्षण, सिंचाई, भूमि सुधार, प्राकृतिक संपदा संरक्षण, वन्य जीव संरक्षण, खाद्य संरक्षण, पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए वृक्षारोपण इन सभी विषयों के तहत ढीमर समाज को जागरूक करना एवम समाज के उत्थान के लिए कार्य करना संगठन का मु य उद्देश्य है साथ ही समाज के गरीब एवं शोषित वर्ग के बच्चों और युवा पीढ़ी को शिक्षा के लिए प्रेरित करना उनके सर्वांगीण विकास करना, परिवर्तन के लिए उपयोगी ज्ञान के प्रसार हेतु कार्य करना सामाजिक सांस्कृतिक एवं साहित्यिक क्षेत्र में बच्चों की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं आयोजित करना एवं राष्ट्रीय धार्मिक, सामाजिक त्योहार पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करना इत्यादि प्रमुख बिंदुओं पर बैठक मैं चर्चा हुई, साथ ही समाज के उत्थान के लिए भी प्रमुख निर्णय लिए गए इस उद्देश्य से प्रस्ताव भी बैठक मैं पारित किए गए जिसमें क्षेत्र समिति, ग्राम समिति का गठन करना एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक संगठन सभी जिले मे बनाने का फैसला किया गया जिसमें आसपास के अन्य ढीमर समाज के पदाधिकारी भी उपस्थिति रहे साथ ही ढीमर समाज ब्लाक छपारा के पदाधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहे।

## जबरन नॉलेज



# वर्ष 2047 तक भारत होगा विकसित देश - प्रधानमंत्री मोदी



***जहाँ दूसरों की उ मीद खत्म होती है, वहाँ मोदी की गारंटी शुरू होती है**
***मोदी की गारंटी वाली गाड़ी, सरकार की हर योजना का लाभ देगी**
***विकास यात्रा के माध्यम से हर झुग्गी-झोपड़ी तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुँचाना है**
***प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मध्यप्रदेश सहित 5 राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का वर्चुअली शुभारंभ किया**
***विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से वर्चुअली संवाद किया**
***मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए**

भोपाल । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित देश होगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा का यही उद्देश्य है। हम सभी अच्छा करें और देश को अच्छा बनाये। संकल्प यात्रा के माध्यम से हर झुग्गी-झोपड़ी तक शासन की सभी योजनाओं का लाभ पहुँचे, सब मिलकर ऐसे प्रयास करें। संकल्प यात्रा में जाने वाली मोदी की गारंटी वाली गाड़ी, जनता को हर योजना का लाभ देगी।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज मध्यप्रदेश सहित देश के 5 राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हरी झण्डी दिखाकर वर्चुअली शुभारंभ किया। उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से वर्चुअली संवाद भी किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जहाँ दूसरों की उ मीद खत्म होती है, वहाँ मोदी की गारंटी शुरू होती है। सरकार न केवल हर व्यक्ति को भोजन, स्वास्थ्य, आवास आदि की गारंटी दे रही है, अपितु सामाजिक सुरक्षा भी प्रदान कर रही है। गाँवों के विकास के साथ ही शहरों का भी तेज गति से विकास किया जा रहा है। पहले केवल बड़े शहरों का विकास होता था, अब भारत के टू-टियर और थ्री-टियर शहरों का भी विकास हो रहा है। भारत में 6 करोड़ छोटे शहर हैं। अमृत मिशन और स्मार्ट सिटी मिशन जैसी योजनाओं के माध्यम से इनका भी समग्र विकास किया जा रहा है। शहरों में जलापूर्ति, ड्रेनेज, सीवेज, सीसीटीवी, स्वच्छता के साथ ही ईज ऑफ लिविंग, ईज ऑफ डूईंग बिजनेस, ईज ऑफ ट्रेवल पर भी पूरा ध्यान दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना में शहरों के छोटे व्यवसायियों को सरकार की गारंटी पर व्यवसाय के लिये ऋण दिया जा रहा है, इनमें 45 प्रतिशत महिला हितग्राही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि कोरोना संकट में सरकार ने 20 करोड़ महिलाओं के खाते में सहायता राशि दी। सभी को मु त में वे सीन लगाया गया। निःशुल्क राशन योजना प्रारंभ की गई।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि सरकार की पेंशन और सुरक्षा योजनाओं से जुड़ें। अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना का लाभ लें। इन योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में 17 हजार करोड़ रूपये पहुँच चुके हैं।

आयुष्मान भारत योजना में अभी तक हितग्राहियों को एक लाख करोड़ रूपये का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा चुका है। जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से 80 प्रतिशत कम कीमत पर दवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि सरकार गाँव से शहरों में काम के लिये आये व्यक्तियों का पूरा ध्यान रखती है। वन नेशन-वन राशन कार्ड योजना के माध्यम से कहीं भी राशन प्राप्त किया जा सकता है। इन योजनाओं का लाभ लें।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि सरकार हर परिवार के लिये पक्की छत की व्यवस्था कर रही है। आवास योजना में पिछले 9 वर्षों में 4 करोड़ से अधिक घर बनाये जा चुके हैं। किराये का घर योजना के लिये विशेष कॉ पले स बनाये जा रहे हैं। शहरों में गरीब व मध्यम वर्ग का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को आधुनिक बनाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भारत में संकल्प यात्रा को शुरू हुए एक महीना पूरा हो चुका है। अभी तक यह यात्रा हजारों गाँव एवं लगभग डेढ़ हजार शहरों में पहुँच चुकी है। आचार संहिता के कारण 5 राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान और मिजोरम में यह यात्रा आज से प्रारंभ हो रही है। इस यात्रा का अपने राज्य में तेजी से विस्तार करें। देश का जन-मन यात्रा को लेकर उत्साहित है। लोग %नमो एप% डाउनलोड कर विकसित भारत के ए बेसडर बन रहे हैं। प्रश्न-उत्तर प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी व दूसरों की जानकारी बढ़ा रहे हैं। संकल्प यात्रा की गाड़ियाँ जनता को हर योजना की जानकारी और लाभ दे रही है।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा**

केन्द्र सरकार द्वारा स्वच्छ मिशन, खाद्य सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, एलपीजी कने शन, स्वास्थ्य सेवाएँ, उचित पोषण, गरीबों के लिए आवास, वित्त पोषण सेवाएँ और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का क्रियान्वयन राज्य सरकार की सहभागिता से क्रियान्वयन किया जा रहा है। नागरिकों को विभिन्न लाभों और सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करना एवं समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुँच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ प्रारंभ की गयी है।

**यात्रा का स्वरूप**

प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा 16 दिसंबर से 26 जनवरी 2024 तक आयोजित की जा रही है। भारत सरकार द्वारा इस यात्रा के लिये सभी जिलों को 366 आईईसी वेन उपलब्ध करायी गयी है। आईईसी वैनों को सभी नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायत में ले जाया जाएगा और कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान में आयुष्मान भारत - PMJAY, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान स मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (च्ष्ष्ट), पीएम पोषण अभियान, हर घर जल - जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड और उन्नत कृषि यंत्र शामिल है।

शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत - PMJAY, पीएम आवास योजना (शहरी), वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना, स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, खेलो इंडिया और आरसीएस-उड़ान योजना शामिल है।

वेन के साथ ही एग्री ड्रोन को भी प्रदर्शित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि किसानों की सुविधा के लिये उक्त ड्रोन का निर्माण किया गया है। किसानों के समय की बचत और उनके स्वास्थ्य की रक्षा करने के लिये एग्री ड्रोन का निर्माण किया गया है। ड्रोन के इस्तेमाल से खेतों में खाद या दवा का छिड़काव कम समय में किया जा सकेगा। साथ ही एक एकड़ फसल में खाद या अन्य कीटनाशकों का छिड़काव लगभग 15 मिनिट में किया जा सकेगा। कृषि क्षेत्र में ड्रोन के प्रयोग से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इसका अनुमानित मूल्य लगभग पांच लाख रुपये से 10 लाख रुपये के मध्य है।

मध्यप्रदेश शासन के कृषि कल्याण एवं विकास विभाग द्वारा किसानों को उक्त ड्रोन क्रय करने में अनुदान दिया जायेगा। साथ ही ड्रोन ऑपरेट करने के लिये निर्माणकर्ता कंपनी के अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जायेगा।

आई.ई.सी. वेन के कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने पर माननीय प्रधानमंत्री जी का संदेश, संकल्प-वीडियो विकसित भारत का प्रदर्शन, फिल्म का प्रदर्शन, ÷मेरी कहानी मेरी जुबानी÷ लाभार्थियों की व्यक्तिगत कहानियों का उल्लेख- अनुभव साझा किया जायेगा। तकनीकी सत्र में- ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती, स्वाइल हेल्थ कार्ड, उन्नत तकनीक आदि की जानकारी दी जायेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम ÷धरती कहे पुकार के÷ स्वच्छता गीत, सेल्फ हेल्प ग्रुप/एफ.पी.ओ./ स्कूल छात्र/ स्थानीय कलाकरों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जायेंगे। स मान एवं हितग्राही लाभ वितरण- विशेष उपलब्ध प्राप्त करने वाले महिला एवं पुरूष का स मान/ योजनांतर्गत हितग्राहियों को लाभ वितरण किया जायेगा।

## पुलिस ने तीन शातिर चोरों को किया गिर तार

नीमच। 11 दिसंबर को फरियादी शोरूम मैनेजर योगेश पिता रतनलाल यादव ने सूचना दी कि 11 दिसंबर को सुबह करीब 10 बजे वह तथा उनके साथी कर्मचारी शोरूम पर पहुंचे तो देखा शोरूम के पीछे का गेट का ताला और गेट टूटा हुआ है। शोरूम के आगे शटर को खोलकर देखा तो शोरूम में से 2 नई कार एक टोयटा हाईराइडर सफेद रंग की तथा 01 टोयटा ग्लेंजा निले रंग की चोर हो गई थीं।

**इनको किया गिर तार**

लोकेंद्र उर्फ बंटी (32) पिता रामसिंह पुष्कर जाति जाटव निवासी 63 इंदिरा नगर नागझिरी देवास रोड उज्जैन, अर्जुनसिंह (23) पिता सरदार सिंह यादव निवासी ग्राम सुरगी थाना बनापुरा जिला होशंगाबाद हा.मु. 63 इंदिरा नगर नागझिरी देवास रोड उज्जैन, बंटी (21) पिता मायाराम मालवीय निवासी ग्राम बालोदा थाना महिदपुर हा मु. गणेश नगर को गिर तार किया। इनसे फरार आरोपी मुकेश वर्मा, रोहित एवं शेखर के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

## मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव की स्वागत यात्रा में उज्जैन में उमड़ा जनसैलाब

**अभूतपूर्व स्वागत से अभिभूत हुए मु यमंत्री**
**विभिन्न समाजों, संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने किया मु यमंत्री डॉ.यादव का आत्मीय स्वागत**
**स्वागत यात्रा में मु यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने रथ पर सवार होकर किया उज्जैनवासियों का अभिवादन**
**जगह-जगह मंच लगाकर उज्जैनवासियों ने किया स्वागत**



भोपाल - मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दशहरा मैदान से प्रार भ हुई स्वागत यात्रा में मु यमंत्री का जगह-जगह आत्मीय स्वागत किया गया। मु यमंत्री की स्वागत यात्रा दशहरा मैदान से होते हुए सुराना पैलेस होटल, कंट्रोल रूम तिराहा, वर्षा झोन कॉर्नर से फ्रीगंज गुरूद्वारा होते हुए निखार फैशन की ओर बढ़ी। शहर की विभिन्न मार्गों में लोगों ने कतारबद्ध होकर अपने प्रिय मु यमंत्री पर पुष्पों की वर्षा की। छतों से, गैलरी से, स्वागत मंचों से लोगों ने पुष्पों की वर्षा की। शहर में लगभग 300 स्वागत मंच बनाये गये थे। मु यमंत्री की यात्रा आगे शहीद पार्क सर्कल, टॉवर चौक होते हुए तीन बत्ती चौराहा पहुंची। सभी जगह विभिन्न समाज के लोगों ने मु यमंत्री का आत्मीय अभिनन्दन किया। हर कोई अपने प्रिय मु यमंत्री की एक झलक पाने के लिये आतुर नजर आया। जनता अपने प्रिय मु यमंत्री को अपने समीप देख आनन्द से आल्हादित हो गई। यात्रा आगे सिंधी कॉलोनी तिराहा से शास्त्री नगर, विवेकानंद कॉलोनी से लोटि स्कूल चौराहा पहुंची। यात्रा मार्गों पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, संगठनों, जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों, शहरवासियों ने मु यमंत्री डॉ.मोहन यादव का पुष्पहारों से आत्मीय स्वागत किया। रथ सवार होकर मु यमंत्री डॉ.यादव जब विभिन्न स्थानों से होकर गुजरे तो लोगों ने मु यमंत्री का उत्साह से स्वागत किया। स्वागत यात्रा आगे धन्नालाल की चाल, फ्रीगंज, चामुण्डा माता चौराहा, देवासगेट, मालीपुरा, दौलतगंज, नईसड़क से होते हुए कंठाल चौराहा, सराफा पहुंची।

रथ पर मु यमंत्री के साथ सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सतीश मालवीय, आलोट विधायक चिंतामणि मालवीय, महापौर मुकेश टटवाल, पूर्व विधायक पारस जैन, यूडीए अध्यक्ष श्याम बंसल सहित अन्य आदि जनप्रतिनिधि सवार थे। स पूर्ण स्वागत यात्रा के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कमला कुंवर, विवेक जोशी, बहादुर सिंह बोरमुंडला, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, दिलीप सिंह शेखावत, शान्तिलाल धबाई, राजेन्द्र भारती, बहादुर सिंह चौहान, विशाल राजौरिया, सनवर पटेल, राजपाल सिंह सिसौदिया, जगदीश पांचाल, पूर्व नगर निगम सभापति सोनू गेहलोत, श्री अशोक प्रजापत, वीरेन्द्र कावड़िया, रूप पमनानी, ओम जैन, जगदीश अग्रवाल, शिवेन्द्र तिवारी, हेमन्त व्यास, इकबाल सिंह गांधी, जिला पंचायत सदस्य शोभाराम मालवीय, पार्षद, जनप्रतिनिधि आदि अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।




## सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद अनुच्छेद 370 का विवाद समाप्त, अब पाक अधिक्रांत कश्मीर को मुक्त करवाने की बारी - विश्व हिंदू परिषद

विश्व हिन्दू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने धारा 370 पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय अमर बलिदानी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को एक कृतज्ञ राष्ट्र की श्रद्धांजलि जैसा है. आज के निर्णय से यह प्रमाणित होता है कि 1947 ङ्क 48 में महाराजा हरी सिंह द्वारा हस्ताक्षर किया गया विलय पत्र अंतिम और वैध था. ज मू कश्मीर हमेशा से भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा. तत्कालीन सरकार ने अपनी कुछ राजनीतिक महत्वाक्षांओं के कारण अनुच्छेद 370 से ज मू कश्मीर को एक विशेष दर्जा दिया था. भारत की संसद ने इस अनुच्छेद को हटा दिया था. किंतु फिर भी इस वाद के कारण कुछ कुहासा छाया हुआ था जो आज के निर्णय के बाद से साफ़ हो गया

# मध्यप्रदेश संकल्प पत्र-2023 में दी गयी है गारंटी

**प्रदेश में बुनियादी ढाँचे का निर्माण कर गरीब और कमजोर वर्गों की जरूरतों को पूरा किया जायेगा**

**वर्ष 2030 तक 20 हजार मेगावाट ग्रीन एनर्जी उत्पन्न होगी**

भोपाल । प्रदेश में बुनियादी ढाँचे का निर्माण करके सबसे गरीब और कमजोर लोगों की जरूरतों को पूरा किया जायेगा। मजबूत बुनियादी ढांचे से बढ़ेगा सड़क संपर्क, हवाई संपर्क, ग्रीन ऊर्जा उत्पादन और क्षेत्रों के समग्र विकास में आयेगी तेजी। इसकी गारंटी संकल्प पत्र-2023 के संकल्पों में दी गयी है।

अगले पाँच वर्षों में प्रदेश में ऐ सप्रेस-वे नेटवर्क का विस्तार करने और प्रदेश को सौर ऊर्जा उत्पादन तथा उपयोग के मामले मे शीर्ष तीन प्रदेशों में शामिल करने की प्रतिबद्धता दर्शायी गयी है। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यह संकल्प-पत्र प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की गारंटी हे। इसके क्रियान्वयन के लिये सभी विभागों को सात दिन में रोड-मेप बनाकर कार्य शुरू करने के निर्देश दिये है।

संकल्प पत्र में कहा गया है कि वर्ष 2002-03 में इंफ्रास्ट्रक्चर बजट 2 हजार 935 करोड़ था, जो इस वर्ष बढ़कर 56 हजार करोड़ से भी अधिक है। अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत अब तक 5 हजार से अधिक सरोवर विकसित किए हैं। ऊर्जा उत्पादन 2003 में 5 हजार 173 मेगावाट था, जो अब लगभग 5 गुना बढ़कर 29 हजार मेगावाट से अधिक हो गया है। वर्ष 2001-02 में सड़कों की लंबाई मात्र 60 हजार किमी थी, जो आज बढ़कर 5 लाख किमी से अधिक हो गई है। प्रदेश में 77 हजार करोड़ से अधिक की लागत की रेल परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर हैं।

**बुंदेलखण्ड, विंध्य महाकौशल के लिये विकास बोर्ड**

संकल्प पत्र के अनुसार बुंदेलखण्ड के विकास के लिये 5 हजार करोड़ के निवेश के साथ बुंदेलखण्ड विकास बोर्ड की स्थापना की जायेगी। विंध्य विकास बोर्ड एवं महाकौशल विकास बोर्ड की स्थापना की जायेगी। चंदेली एवं बुंदेली तालाबों को पुनर्जीवित करने एवं इन्हें अमृत सरोवरों के रूप में विकसित करने के लिये एक टास्क फोर्स बनाया जायेगा। दस हजार करोड़ रूपये के निवेश के साथ भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, सागर, सतना एवं उज्जैन में स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत चल रही परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जायेगा। सीएम अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के अंतर्गत मिशन मोड पर सभी नगरों में मॉडर्न इन्फ्रास्ट्रक्चर जैसे सड़क, यातायात सुधार, सुंदरीकरण, उद्यान विकास से संबंधित कार्य किये जायेंगे। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर एवं जबलपुर के निकटवर्ती जिलों में उपनगरीय क्षेत्रों का विकास कर महानगरीय सेवाओं को सुदृढ़ किया जाएगा। अमृत- 2.0 योजना के अंतर्गत प्रदेश के 30 से अधिक शहरों में जल आपूर्ति एवं सीवरेज परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जावेगा। सभी मु य शहरों में पीएनजी पाइपलाइन से गैस कने शन की व्यवस्था की जायेगी। केंद्र सरकार के सहयोग से झुग्गी- झोपड़ी में रहने वालों को पक्के मकान एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेगी। प्रदेश में सस्टेनेबल सिटीज़ विकसित करने के लिए शहरी स्थानीय निकायों में विभिन्न पदों पर 1,000 शहरी योजनाकारों को नियुक्त किया जायेगा।

**दुनिया का सबसे बड़ा 600 मेगावाट लोटिंग सोलर पावर प्लांट ओंकारेश्वर में**

अटल गृह ज्योति योजना के अंतर्गत हर घर को 100 रूपये में 100 यूनिट बिजली दी जाती रहेगी। खंडवा में दुनिया के सबसे बड़े 600 मेगावाट के ओंकारेश्वर लोटिंग सोलर पावर प्लांट का निर्माण समय से पूरा किया जायेगा। प्रदेश के सभी खराब ट्रांसफार्मरों को मार्च 2024 तक मिशन मोड में बदलेंगे एवं नागरिकों के लिये ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायत दर्ज करने के लिए एक हेल्पलाइन नंबर भी शुरू किया जायेगा। प्रदेश में ऐ सप्रेस नेटवर्क विस्तार के लिये 867 किमी ल बा नर्मदा प्रगति पथ, अमरकंटक, डिंडौरी, शाहपुरा, जबलपुर, नर्मदापुरम, बड़वाह और अलीराजपुर को जोड़ेगा। 676 किमी ल बा विंध्य ऐ सप्रेस-वे भोपाल, दमोह, कटनी, रीवा, सीधी एवं सिंगरौली को जोड़ेगा। 450 किमी ल बा मालवा निमाड़ विकास पथ मंदसौर, उज्जैन, इंदौर एवं बुरहानपुर को जोड़ेगा। 299 किमी ल बा अटल प्रगति पथ मुरैना, श्योपुर एवं भिंड को जोड़ेगा। 746 किमी ल बा मध्य भारत विकास पथ बैतुल को मुरैना से जोड़ेगा। प्रदेश में सड़कों की लंबाई 60 हजार किमी से बढ़ाकर 5 लाख किमी की है, राज्यव्यापी कर्नेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिये और एक लाख किमी सड़कें बनायी जायेगी। प्रदेश में 500 लाईओवर, आरयूबी एवं आरओबी का एक बड़ा नेटवर्क विकसित किया जायेगा। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर एवं उज्जैन में रिंग रोड का निर्माण किया जायेगा।

प्रदेश के सभी राष्ट्रीय राजमार्गों और प्रमुख प्रदेश राजमार्गों को चार लेन में अपग्रेड किया जायेगा। अगले 5 वर्षों में 10 हजार करोड़ रूपये के निवेश के साथ मध्यप्रदेश रोड मेंटेनेंस एवं डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू किया जायेगा। जिसके अंतर्गत प्रदेश की सड़कों का निर्माण एवं रख-रखाव किया जायेगा। तीन हजार करोड़ रूपये के निवेश के साथ भोपाल 8 लेन एलिवेटेड लेक कॉरिडोर एवं पश्चिम भोपाल बायपास का समयबद्ध निर्माण किया जायेगा।

**रीवा, सिंगरौली एवं शहडोल को मिलेगी हवाई सेवा**

केन्द्र सरकार के साथ मिलकर अगले 5 वर्षों में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 80 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकरण किया जायेगा। केन्द्र सरकार के साथ मिलकर मध्यप्रदेश में वंदे मेट्रो और वंदे स्लीपर ट्रेन शुरू करने के लिये मास्टर प्लान तैयार किया जायेगा। केन्द्र सरकार के साथ मिलकर रीवा, सिंगरौली एवं शहडोल हवाई अड्डों का निर्माण रिकार्ड समय में पूर्ण किया जायेगा। केन्द्र सरकार के साथ मिलकर इंदौर में नए ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का समयबद्ध निर्माण एवं संचालन सुनिश्चित किया जायेगा। ग्वालियर हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल का निर्माण कार्य समय पर पूर्ण किया जायेगा। केन्द्र सरकार के साथ मिलकर उज्जैन एयरस्ट्रिप का विस्तार सुनिश्चित किया जायेगा एवं प्रदेश में अन्य एयरस्ट्रिप का आवश्यकता अनुसार विस्तार किया जायेगा। केन्द्र सरकार के साथ मिलकर एविएशन उद्योग में रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिये राजा भोज हवाई अड्डे में मेंटेनेंस, रिपेयर एवं ओवरहाल (एमआरओ) हब विकसित किया जायेगा। वर्ष 2027 तक भोपाल और इंदौर मेट्रों लाइनों का पूर्ण संचालन सुनिश्चित किया जायेगा। जबलपुर, ग्वालियर एवं प्रदेश के अन्य प्रमुख शहरों में मेट्रो लाइनों के विकास और विस्तार के लिये एक मास्टर प्लान तैयार किया जायेगा। तीन हजार नई इलेंट्रिक बस शुरू की जायेगी एवं चार्जिंग स्टेशनों की व्यवस्था की जायेगी। वन डिस्ट्रि ट-वन बस पोर्ट योजना शुरू की जायेगी। जिसके अंतर्गत प्रत्येक जिले में बस पोर्ट को आधुनिक बनाया जायेगा।

## विधानसभा का सत्र सोमवार से, अब तक 216 विधायकों ने कराया रजिस्ट्रेशन



भोपाल। विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने बताया कि विधानसभा परिसर बड़ा है। इसलिए जिला प्रशासन और पुलिस को अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने को कहा है। विधानसभा के प्रवेश द्वार पर एंट्री सभी दस्तावेजों की कड़ी जांच के बाद भी होगी। उन्होंने बताया कि 16वीं विधानसभा में अब तक 216 विधायकों ने रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी कर ली है। बाकी विधायकों की भी प्रक्रिया एक-दो दिन में पूरी करा ली जाएगी। पहले दिन विधायकों के परिजन साथ आना चाहते हैं। ऐसे में उनके परिजनों के अलावा सिर्फ एक विजिटर को ही प्रवेश की अनुमति रहेगी।

**चार दिन का है प्रथम सत्र**

16वीं विधानसभा का प्रथम सत्र 18 दिसंबर से 21 दिसंबर तक चार दिन चलेगा। इसमें सोमवार और मंगलवार को दो दिन प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव सभी सदस्यों को शपथ दिलाएंगे। तीसरे दिन बुधवार को अध्यक्ष का निर्वाचन होगा। भाजपा ने विधानसभा अध्यक्ष के लिए नरेंद्र सिंह तोमर का नाम तय किया है। विधानसभा में दलीय स्थिति के अनुसार भाजपा की सदस्य सं या 163 है, इसलिए चुनाव की स्थिति नहीं है। निर्विरोध निर्वाचन होना तय है। इसके बाद राज्यपाल का अभिभाषण और उस पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव आएगा। अंतिम और चौथे दिन शासकीय कार्य के साथ ही राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव के साथ सत्र समाप्त होगा।

# कानून-व्यवस्था की स्थिति बनाये रखने में कोई समझौता नहीं किया जायेगा




* कहीं सा प्रदायिक तनाव की स्थिति होती है तो उसके कारकों पर प्रभावी कार्रवाई की जाये
* विकास के कार्य कराना सर्वोच्च प्राथमिकता
* विकसित भारत संकल्प यात्रा से जनहितैषी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कराया जायेगा
* उज्जैन सहित बड़े शहरों का झोनल प्लान बनाने की दिशा में पहल होगी
* कले टर्स भविष्य के प्रोजे ट को देखते हुए सरकारी जमीन आरक्षित करें -मु यमंत्री डॉ.मोहन यादव
* मु यमंत्री डॉ.यादव ने जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सभी विभागों की संभागीय समीक्षा बैठक ली

भोपाल । मु यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में विकास कार्य समय-सीमा में और गुणवत्तापूर्ण कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। सभी कार्यों की निरन्तर मॉनीटरिंग की जायेगी, ताकि जनता के हित में एवं जनता के लिये बेहतर निर्णय लिये जा सकें। मु यमंत्री ने कहा कि जनता का हित सर्वोपरि है। मु यमंत्री डॉ.यादव ने सभी कले टर्स को निर्देश दिये कि वे भविष्य के प्रोजे ट को देखते हुए शासकीय जमीन आरक्षित करें। उज्जैन सहित बड़े शहरों का झोनल प्लान बनाने की दिशा में पहल करे। मु यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को उज्जैन में सभी विभागों की संभागीय समीक्षा बैठक में यह बात कही। बैठक में उज्जैन संभाग के सभी संसदीय क्षेत्र के सांसद, विधायकगण, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, शहर प्राधिकरण अध्यक्ष, अतिरिक्त मु य सचिव, प्रमुख सचिव, संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक एवं संभाग के सभी जिलों के कले टर्स एवं पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे।

मु यमंत्री डॉ.यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश देते हुए कहा कि इस यात्रा से जन-हितैषी योजनाओं का लाभ आम जनता को बेहतर ढंग से मिले। विकसित भारत संकल्प यात्रा में 25 हजार की आबादी प्रतिदिन कवर की जायेगी। इसमें नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र की जनता को शासन द्वारा बनाई गई योजना की जानकारी दी जायेगी। मु यमंत्री डॉ.यादव ने लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की निर्माणाधीन सड़कों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सड़कों सहित अन्य निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो जायें। सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से इसका पालन करें।

**खुले में बिक रहे मांस एवं मछली के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए इनके विक्रेताओं के लिये मार्केट विकसित करें**

मु यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि खुले में बेच रहे मांस एवं मछली वालों पर प्रभावी कार्रवाई जारी रहे। इसके साथ ही मु यमंत्री ने निर्देश दिये कि मांस एवं मछली विक्रेताओं के लिये सभी जगह मार्केट विकसित किये जायें, जिससे सड़क पर मांस एवं मछली बेचने की नौबत नहीं आये।

मु यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने में कोई समझौता नहीं किया जायेगा। मु यमंत्री ने कहा कि कहीं सा प्रदायिक तनाव की स्थिति होती है, तो उसके कारकों पर प्रभावी कार्रवाई की जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी पुलिस अधीक्षक अपने-अपने थाना क्षेत्र में झोन को मजबूत करें। साथ ही जनप्र-तिनिधियों को भी इससे जोड़ें। उन्होंने कहा कि थानों का युक्तियुक्तकरण करके उनकी सीमा भी निर्धारित की जायेगी। थानों का रिव्यू किया जायेगा, जिससे उनकी उपयोगिता एवं सार्थकता सिद्ध हो सके। मु यमंत्री ने कहा कि निर्धारित डेसीबल से ज्यादा की ध्वनि पर बजने वाले लाऊड स्पीकरों पर कार्रवाई जारी रहे।

डॉ.यादव ने कहा कि समाज के ऐसे सेवानिवृत्त लोगों की सेवाएं ली जायेंगी, जो अच्छे कार्य करते हैं। ऐसे लोगों का उपयोग समाज-हितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन में किया जायेगा। उन्होंने मिलावटी दूध एवं पेट्रोल पर पूर्व की तरह ही कार्रवाई करने के निर्देश दिये, लेकिन साथ ही कहा कि इससे सही काम करने वाले लोगों को परेशान नहीं किया जाये।

**सड़कों सहित अन्य निर्माण कार्य में समय-सीमा का ध्यान सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से रखें**

मु यमंत्री ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि दताना एवं मुल्लापुरा मार्ग को जोड़कर कार्य करें। राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी, जो सड़क बना रहे हैं, वे एक तरफ से बनाते हैं। आवश्यकता है कि दोनों ओर से सड़क बनाई जाये। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन सड़कों पर डालने से सड़क कट रही हैं। अत- लोगों को समझाइश दी जाये कि वे सड़कों पर पाइप लाइन नहीं डालें। सड़कों पर पानी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था बनाई जाये। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिये कि नये निर्माण कार्य करने के लिये पहले से बने हुए पक्के निर्माण स्थल को न तोड़ा जाये।

मु यमंत्री डॉ.यादव ने सभी कले टर्स को निर्देश दिये कि जितने भी निर्माण कार्य हैं, जिनमें दो विभागों के बीच समन्वय की आवश्यकता है, वहां वे मॉनीटरिंग कर बेहतर समन्वय स्थापित करें। मु यमंत्री ने कहा कि सभी कले टर्स विधायकगणों की समस्याओं और उनके विषयों का निराकरण प्राथमिकता से करें।

मु यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि विकास का एजेण्डा सबसे पहले है। बैठक में विधायकगणों ने सड़क और भवन निर्माण का मुद्दा उठाया। विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर किये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी से मु यमंत्री को अवगत कराया।

# शनि मंदिर टिग्गा मोहल्ला का दो दिवसीय पाटोत्सव आज से




सिवनी यशोः- शनि मंदिर समिति पानी टँकी के पास टिग्गा मोहल्ला सिवनी में शनि महाराज की प्रतिमा स्थापना के 4 वर्ष पूर्ण होने पर वार्षिक पाटोत्सव कार्यक्रम आज से प्रारंभ होंगे। शनि मंदिर के पुजारी पंडित संजय तिवारी ने बताया कि 18 दिसंबर सोमवार को प्रातः 9 बजे से 2 बजे तक मंडल स्थापना की जायेगी एवं दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक शनि महाराज का पूजन एवं अभिषेक किया जायेगा,इसके बाद शनि महाराज की महाआरती कर महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। वही रात्रि 08 बजे से देवी जस व भजन मंडल के कलाकार द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी। वही 19 दिसंबर मंगलवार को मंदिर के मु य पुजारी संजय तिवारी सहित विद्वान पुरोहित द्वारा सर्वप्रथम मंडल पूजन किया जाएगा,इसके बाद शनि महाराज का मंत्रोच्चारण के साथ अभिषेक किया जायेगा।शनि महाराज के अभिषेक के पश्चात पूजन, हवन किया जायेगा एवं शाम 07 बजे से शनि महाराज की महाआरती की जायेगी। महाआरती के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा।इस दौरान भजन संध्या का भी आयोजन किया गया,इसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी।शनि मंदिर समिति एवं माता महाकाली मंदिर समिति टिग्गा मोहल्ला ने समस्त श्रद्धालुओ से इस दो दिवसीय कार्यक्रम में अधिक से अधिक सं या में पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है। समिति सदस्यों द्वारा मंदिर परिसर का रंगरोहन कर पुष्पमाला से सजाया गया है।

# विधायक दिनेश राय मुनमुन के मु य आतिथ्य मे किया गया लैदरबाल वेटर्न क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम मे हुए शामिल



सिवनी यशोः- 16 दिसंबर दिन- शनिवार को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी के मु य आतिथ्य मे लैदरबाल वेटर्न क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ किया गया। आज प्रातः 11¬00 बजे नगर के एमसीजी ग्राउंड डूंडासिवनी मे आयोजित लैदरबाल वेटर्न टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी के मु य आतिथ्य मे किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रथम शुभारंभ मैच विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने सतपुड़ा टाईगर्स छिंदवाड़ा विरुद्ध जबलपुर टाईगर्स के कप्तानों के बीच सिक्का उछालकर टास कराया तथा टीमों के खिलाड़ियों समिति पदाधिकारियों से मध्य मैदान मे परिचय किया। तथा खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान श्री राय का फूलमालाओं से आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर सर्वश्री भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष आलोक दुबे जी, श्रीमती नीता पटेरिया जी पूर्व सांसद, प्रदीप राय जी जिला उपाध्यक्ष, नगर परिषद छपारा अध्यक्ष श्रीमती निशा पटेल, भारतीय जनता पार्टी उत्तर मंडल अध्यक्ष संजय पप्पू सोनी, मध्यप्रदेश रणजी टीम के खिलाड़ी चंद्रकांत शाकुरे, प्रतियोगिता संयोजक अरुण यादव जी, प्रतियोगिता अध्यक्ष अजय पांडे जी, जवाहरलाल राय जी, पार्षद राजू यादव जी, श्रीमती वंदना बैस जी, किशनलाल साहू जी, मुगदर सोनी जी, सहित समिति पदाधिकारियों सदस्यों खेल प्रेमियों की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके पश्चात विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी मठ मंदिर प्रांगण मे आयोजित 16 दिसंबर 2023 से 22 जनवरी 2024 तक चलने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ कार्यक्रम मे शामिल हुए। इस दौरान सभी उपस्थितों के साथ यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के लाईव संदेश को सुना गया।

# 5 दिन से घर से लापता व्यक्ति की वैनगंगा नदी में मिली लाश



छपारा यशोः- 5 दिन से घर से लापता व्यक्ति की वैनगंगा नदी में लाश मिली है छपारा थाना प्रभारी ने बताया कि वैनगंगा नदी में उतारती हुई एक लाश को मछुआरे के द्वारा देखा गया जिसके द्वारा थाने में सूचना दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को बरामद कर छपारा अस्पताल पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम के लिए लाई जहां व्यक्ति के जेब में एक आधार कार्ड मिला जिसकी पहचान सिवनी के द्वारका नगर किदवई वार्ड बेनीराम डेहरिया के तौर पर हुई है आधार कार्ड के अनुसार परिजनों और कोतवाली पुलिस से छपारा पुलिस ने संपर्क किया जिसमें पता चला कि बेनीराम डेहरिया मंगलवार के दिन से लापता था जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट शुक्रवार को सिवनी कोतवाली थाना में दर्ज कराई थी फिलहाल शव का पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया है और आगे की जांच और कार्यवाही इस मामले की जारी है

# लाइसेंस बनाना होगा अनिवार्य

## छपारा थाना परिसर में ली गई बैठक



छपारा यशोः- नगर में बिक रहे खुले में मांस मछली व्यापारी एवं सभी धर्म के प्रमुख को बुलाकर थाना प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मध्य प्रदेश नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी लाइसेंस शर्तों के बारे में सभी व्यापारियों को बताया गया बैठक में खुले में मांस मछली बेचने वाले व्यापारियों को बोला गया कि आप को नगर परिषद द्वारा जल्द ही स्थान बताया जाएगा और तब तक आप दुकानों के सामने पर्दे लगाकर दुकान का संचालन करें एवं सभी धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर कैंपस परिसर के अंदर और शादी विवाह में डीजे आदि बिना एसडीएम की अनुमति के नहीं चलाए जाएंगे व्यापारियों को बताया गया कि आपको मांस मछली बेचने के लिए लाइसेंस भी बनवाना होगा आप सभी व्यापारी लाइसेंस बनवा कर ही व्यापार करें एवं नगर परिषद द्वारा व्यापारियों को जल्द ही एक सुनिश्चित स्थान उपलब्ध करा दिया जाएगा

देखना यह है कि अब नगर परिषद इन छोटे-छोटे व्यापारियों को कब तक निश्चित स्थान उपलब्ध करवा पाती है ताकि छोटे-मोटे व्यापारी को अपना जीवन यापन करने में समस्या ना उत्पन्न हो,

# डीआरएम से भेंट की रेल विकास समिति ने

## विभिन्न मांगों के साथ सुविधाएं बढ़ाएं जाने को लेकर सौंपा पत्र



सिवनी यशोः- दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के डीआरएम ऑफिस नागपुर में बीते दिनों सिवनी रेल विकास समिति के सदस्यों द्वारा डीआरएम श्रीमती नमिता त्रिपाठी से मुलाकात कर रेलवे स्टेशन सिवनी में सुविधाएं बढ़ाने के साथ अनेक मांगों को लेकर पत्र सौंपा गया।

रेल विकास समिति के मीडिया प्रभारी विपिन शर्मा ने बताया कि बीते 14 दिसंबर को समिति के अध्यक्ष घनश्याम सनोडिया, सचिव मुनिया टांक, कोषाध्यक्ष दीपक मेंहदीरत्ता, उपाध्यक्ष अंचल चौरसिया, मीडिया प्रभारी सत्यम सूर्यवंशी एवं सह सचिव नवेंदु मिश्रा ने नागपुर पहुंचकर डीआरएम श्रीमती नमिता त्रिपाठी से मुलाकात कर सिवनी रेलवे स्टेशन में सुरक्षा बल बढ़ाये जाने की मांग उनके समक्ष रखी। इसके साथ ही समिति के द्वारा एक पत्र सौंपा गया जिसमें मांग की गई कि सिवनी जिले की जनता की बहुप्रतिक्षित बड़ी रेल लाईन प्रारंभ तो हो गई है लेकिन उचित सुविधा प्राप्त नहीं हो पायी है। मांग पत्र में कहा गया है कि पेंचवैली ऐ सप्रेस का संचालन सिवनी से इंदौर किया जाना चाहिए, वर्तमान में पेंचवैली सिवनी तक आती तो है लेकिन छिंदवाड़ा से इंदौर जाती है। नागपुर से मुबंई तक चलने वाली सेवाग्राम ऐ सप्रेस को सिवनी तक बढ़ाया जाये। इसी तरह लखनऊ से जबलपुर तक चलने वाले चित्रकूट ऐ सप्रेस को सिवनी रेलवे स्टेशन तक बढ़ाया जाये। जिला मु यालय के बरघाट रोड रेलवे क्रासिंग से स्टेशन की ओर जाने वाली रोड का डामरीकरण कार्य अधूरा पड़ा है, जिसे शीघ्र पूरा किया जाये। रेल विकास समिति के सदस्यों द्वारा डीआरएम से भेंट कर सुविधाओं को बेहतर बनाने और मांग पत्र पर विचार कर रेल मंत्रालय को प्रेषित किये जाने का आग्रह किया गया है।

# कन्या महाविद्यालय सिवनी में विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा का हुआ आयोजन







सिवनी यशोः- शासन के निर्देशानुसार नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में दिनांक 1 से 15 दिसंबर 2023 तक विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में रेड रिबन लब प्रभारी डॉ. रुचिका यदु के नेतृत्व में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में 1 दिसंबर 2023 को महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने रैली निकालकर आमजनों को एड्स मुक्त भारत बनाने हेतु प्रेरित किया तथा छात्राओं को जागरूक करने हेतु पोस्टर, स्लोगन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा एचआईवी एड्स के संबंध में जानकारी साझा की।

रेड रिबन ` लब प्रभारी डॉ. रुचिका यदु ने महाविद्यालय में उपस्थित एड्स पॉलिसी से छात्राओं को अवगत कराया।कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए 12 दिसंबर 2023 को जिला चिकित्सालय की जिला एड्स नियंत्रण समिति एवं महाविद्यालय के रेड रिबन ` लब के स मिलित तत्वाधान में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिला अस्पताल से डॉ. अशोक गौवंशी ने छात्राओं से एड्स के प्रमुख कारणों एवं बचाव के उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही जिला अस्पताल से उनकी टीम में श्रीमती ज्योति चंद्रवंशी, श्रीमती ममता गौतम, फौजिया अंजुम, श्रीमती ललिता सनोड़िया भी उपस्थित हुई। श्रीमती ललिता सनोड़िया जी ने भी छात्राओं को एचआईवी इनफे शन एवं उससे जुड़ी विभिन्न भ्रांतियों पर बात की। उन्होंने छात्राओं को अपने स्वास्थ्य समस्या की जानकारी होने के लिए खुलकर बात करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला अस्पताल द्वारा एचआईवी, सिफलिस एवं हेपेटाइटिस बी तथा सी की जांच की गई। इस कार्यक्रम में लगभग 60 छात्राओं ने अपना रक्त परीक्षण करवाया। एड्स जागरूकता कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए महाविद्यालय में 15 दिसंबर 2023 को भव्य मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया जिसमें महाविद्यालय की डेढ़ सौ छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा आम जनों को इस बीमारी हेतु जागरूक किया। समस्त कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षाका प्रो. अमिता पटेल एवं महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी प्रो. पन्नालाल सनोड़िया जी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस अवसर पर डॉ. एस आर नवांगे, डॉ सोनाली जैस्वाल, श्रीमती अनीता बोर्डे ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपनी सहभागिता दी।

# ठाकुर रजनीश सिंह ने मु यमंत्री से की मुलाकात



छपारा यशोः- केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह जी ने मध्यप्रदेश के नवनिर्वाचित मु यमंत्री श्री मोहन यादव जी से उनके निवास स्थान विंध्य की कोठी पहुँचकर मुलाकात किया। एवं वर्ष 2013 में भी दोनों पहली बार विधायक बनकर सदन में साथ में आए उस समय को याद किये।विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने माननीय श्री डॉ मोहन यादव जी को मु यमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई दिया।

## लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 पो सो की प्रशिक्षण सह कार्यशाला

मंडला यशोः- जिला पंचायत सभागृह जिला मण्डला में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 पो सो की प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर योगेश पाराशर ने पो सो अंतर्गत विस्तार से जानकारी दी। पो सो को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों एवं ऐ ट की संवेदनशीलता के संबंध में अवगत कराया एवं समाज में हो रहे अपराधों और इसमें किस प्रकार की कार्यवाहियां की जा सकती हैं इस संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी शालिनी तिवारी, लीना चौधरी, समस्त परियोजना अधिकारी, सुपरवाईजर उपस्थित रहे।

# विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने सभी की सहभागिता आवश्यक - संपतिया उईके

### ग्राम केहरपुर से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिलाई गई शपथ

मंडला यशोः- मंडला जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ मंडला विकासखंड के ग्राम केहरपुर से किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली जुड़े और उन्होंरने देश के विभिन्न क्षेत्र के हितग्राहियों से चर्चा करते हुए उन्हें संबोधित किया। केहरपुर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विधायक संपतिया उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा एवं संदीप सिंह, जनपद सदस्य संदीप सिंगौर, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, प्रभारी कले टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कले टर सीएल वर्मा एवं हुनेन्द्र घोरमारे तथा अन्य जनप्रतिनिधि, विभिन्न योजनाओं के हितग्राही तथा बड़ी सं या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



इस अवसर पर विधायक संपतिया उईके ने अपने संबोधन में कहा कि विभिन्न योजनाओं के माध्यम केन्द्र सरकार से सभी वर्गों के विकास के लिए संकल्पित है। भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ देश बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को विकास की मु य धारा से जोड़ना आवश्यक है। आमजन शासन की योजनाओं को समझें तथा पात्रतानुसार लाभ उठाएं। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने सभी की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी वर्ग के लोग आगे बढ़ेंगे तो देश आगे बढ़ेगा और विकसित भारत का सपना साकार होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हिन्दुस्तान तेजी से विकास कर रहा है और वह आने वाले समय में निश्चित रूप से समूचे विश्व का नेतृत्व करेगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे पात्रतानुसार शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर विकास की मु य धारा से जुड़ें, सरकार और प्रशासन हर कदम पर उनके साथ है।

इससे पूर्व मवई से आए बैगा नर्तक दल तथा स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में प्रश्नमंच तथा खेल की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया तथा शासन के विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से उनके जीवन में आए बदलाव से संबंधित अनुभव साझा किए गए। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया गया तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया गया। साथ ही उपस्थितजनों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणजनों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयों का वितरण किया गया।

**योजनाओं का लाभ दिलाने गांव-गांव पहुंचेगी वेन**

कार्यक्रम के अंत में विधायक संपतिया उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा एवं संदीप सिंह तथा अन्य अतिथियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत केन्द्र सरकार की योजनाओं से सुसज्जित वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन विभिन्न क्षेत्रों में जाकर नागरिकों को केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें पात्रतानुसार लाभ दिलाने की पहल करेंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा का समापन 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर होगा।

## 4 ट्रे टर अवैध परिवहन के दौरान जब्त



मंडला यशोः- खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में कले टर के निर्देशानुसार खनिज विभाग मण्डला द्वारा खनिजो के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरुद्ध सतत् रूप से कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहन एमपी 51 एबी 0709 को ग्राम चौगान तहसील घुघरी, ट्रे टर क्रमांक एमपी 51 एबी 2550 तथा एमपी 51 एबी 0187 को ग्राम बिछिया एवं न्यू हॉलेन्ड ट्रे टर बिना नंबर को ग्राम पोड़ी तहसील मण्डला में खनिज विभाग द्वारा जब्त किया गया। इस प्रकार खनिज विभाग द्वारा कुल चार ट्रे टर अवैध परिवहन के दौरान जब्त किये गये। अवैध परिवहन में संलिप्त उक्त वाहनों को जब्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थाना मण्डला, महाराजपुर तथा बिछिया की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त वाहन के विरूध म0प्र0 खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत् प्रकरण दर्ज कर कले टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला आज

मंडला यशोः - शासकीय आईटीआई मंडला में प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेले का 18 दिसंबर 2023 को प्रातः 10 बजे से आयोजन किया जायेगा जिसमें देश की प्रतिष्ठित क पनियां स मिलित होंगी। इस मेले में 10वी, 12वी, आईटीआई, स्नातक पास सभी अ यर्थी भाग ले सकते हैं। चयनित अ यर्थियों को शासन एवं क पनियों के अनुसार मानदेय दिया जायेगा। अप्रेंटिसशिप मेले में शामिल होने के लिए https://forms.gle/nwHQJCyTnSkPriv&z में अपना रजिस्ट्रेशन करें एवं अपने मूल दस्तावेज के साथ शासकीय आईटीआई मंडला में उपस्थित होवें। अधिक जानकारी के लिए शासकीय आईटीआई मंडला में संपर्क करें।

## अनुमत्य अवधि तथा निर्धारित डेसिबल में करें लाउड स्पीकर का उपयोग

**शांति समिति की बैठक संपन्न**

मंडला यशोः- धार्मिक तथा अन्य स्थानों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के नियंत्रित उपयोग के संबंध में शांति समिति की बैठक जिला योजना भवन में आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, एसडीएम ऋषभ जैन तथा अन्य जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी तथा सभी वर्गों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



बैठक में अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि धार्मिक तथा अन्य स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के संबंध में शासन द्वारा जारी निर्देशों का सभी अनिवार्यतः पालन करें। रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूरी तरह वर्जित है, इस अवधि में लाउड स्पीकर का उपयोग न करें। सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक सक्षम अधिकारी से अनुमति लेकर ही लाउड स्पीकर तथा डीजे का निर्धारित डेसिबल में उपयोग करें। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा ने कहा कि निर्देशों की अवहेलना करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**खुले में नहीं होगा मांस का विक्रय**

बैठक में अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि जिले की समस्त नगरीय निकायों में कहीं भी खुले में पशु मांस व मछली का विक्रय और प्रदर्शन नही किया जाएगा। मांस के कारोबारियों को लायसेंस प्राप्त करना तथा दुकान में अपारदर्शी कांच लगाना आवश्यक है। मांस के सभी व्यापारियों को इस संबंध में स्पष्ट निर्देश प्रदाय करते हुए लायसेंस प्राप्त करने तथा दुकान में अपारदर्शी कांच लगाने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समयावधि में उक्त कार्यवाही न करने पर संबंधितों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## कले टर ने की जल-जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा



मंडला यशोः- कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने जल-जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रगतिरत कार्यों को फरवरी माह तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय अमला क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए कार्यों की सघन मॉनिटरिंग करें। कार्यों में गति लाने के लिए एजेंसीवार दैनिक तथा साप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित करें। लक्ष्य के विरूद्ध किए गए कार्यों की समीक्षा नियमित रूप से कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा की जाए। जल जीवन मिशन शासन की महत्वपूर्ण योजना है जिसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कले टर ने निर्देशित किया कि कार्यों में समुचित गुणवत्ता तथा संतोषजनक प्रगति परिलक्षित नहीं होने पर संबंधित कार्य एजेंसियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें। उन्होंने नारायणगंज तथा मवई की कमजोर प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। डॉ. सिडाना ने कहा कि घरेलू नल कने शन के लक्ष्य को जल्द पूर्ण करें, जो योजनाएं चालू हैं उनका फॉलोअप करें तथा उनमें आवश्यकतानुसार सुधार कराएं। उन्होंने पुनरीक्षित योजनाओं की स्वीकृति के संबंध में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मनोज भास्कर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# फ्राइडे सिंगर्स की चौथी वर्षगांठ पर सजी संगीतमय महफिल

**संगीत की शाम में बही सुरों की बयार, गायकों ने दी शानदार प्रस्तुति**

मंडला यशोः- शुक्रवार को फ्राइडे सिंगर्स ग्रुप की चौथी वर्षगांठ पर स्थानीय झंकार भवन में संगीतमय महफिल का आयोजन किया गया। इस महफिल में कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किए गए। जैसे शाम गहराती जा रही थी, सुरों की बयार लोगों को आत्मिक शांति का अनुभव कराती जा रही थी। कलाकार एक-एक कर मंच पर आते और अपनी कला के जादू से सराबोर करते जाते थे। उल्लेखनीय की 4 वर्ष पूर्व शुक्रवार के दिन संगीत के शौकीन कुछ युवाओं द्वारा एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया गया था जिसके माध्यम से लोग अपने गानों की रिकॉर्डिंग ग्रुप में भेजा करते थे। धीरे-धीरे इस ग्रुप में गाने के शौकीनों की सं या बढ़ती गई। इसके 1 साल पूरे होने पर इसकी पहली वर्षगांठ आयोजित की गई थी, जिसके बाद लगातार हर वर्ष इसकी वर्षगांठ मनाई जा रही है और इसके सदस्यों में लगातार इजाफा हो रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत मृदु- किशोर ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज की डायरे टर श्रीमती मृदुला काल्पीवार और भारतीय स्टेट बैंक मंडला की आर ए सी सी ब्रांच के प्रबंधन मुकेश सोनी ने दीप प्रज्वलन कर किया। चौथी वर्षगांठ के मौके पर कलाकारों ने मोह मद रफी, किशोर कुमार, मुकेश, लता मंगेशकर, आशा भोसले, मन्ना डे आदि मशहूर कलाकारों के गीत प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में रजनी खरबंदा ने किस लिए मैंने प्यार किया, बबीता चौकसे ने हंसते-हंसते कट जाए रस्ते, कन्हैया सचदेव ने मेरी तमन्नाओं की तकदीर तुम, ललिता जायसवाल ने इस जीवन की यही है कहानी, कीर्ति वाजपेई ने यह मुलाकात एक बहाना है, प्रवीण वाजपेई ने अपनी आंखों में बसाकर, मुक्ता शर्मा ने तुझे बुलाए यह मेरी बाहे, नवनीता दुबे ने तेरे लिए हम हैं जिए, दीपक पमनानी ने ओ मेरे दिल के चैन, रघु करोसिया ने ओ हंसिनी, गीता काल्पीवार ने नैनों में बदरा छाए, शक्ति क्षेतीजा ने किसी की मुस्कुराहटों पर हो निसार, अभिषेक बाजपेई ने दीवाना हुआ बादल, मीना शु ला ने आए हो मेरी जिंदगी में, दिव्या खत्री ने फजा भी है जवा जवा, अभिषेक अग्निहोत्री ने ` या हुआ एक बात पर, नीलम खरे ने बेदर्दी बालमा तुझको मेरा मन, मोनू ठाकुरता ने ये मेरा दिल प्यार का दीवाना, प्रियंका अग्निहोत्री ने कोई नहीं है, र मू चंदानी ने अब तेरे बिन, कृष्णा क्षत्री ने मेरा चांद मुझे आया है नजर, राहुल शांडिल्य ने ये दुनिया यह महफिल, मनीष रघुवंशी ने जिधर देखूं तेरी तस्वीर, निशांत यादव ने दिल के टुकड़े-टुकड़े कर के, महेश नामदेव ने चिराग दिल का जलाओ, सुनील साहू ने गुलाबी आँखे, आलोक शु ला ने ए मेरी जोहरा जबीं, रोहित पांडे ने मेरे दोस्त किस्सा यह ` या हुआ, विजय बहादुर सिंह ने दिए जलते हैं, चंद्रेश खरे ने सजनवां बैरी हो गए हमार, उज्जवल नामदेव ने अभी मुझ में कहीं, शैलू मिश्रा ने तेरे नाम का दीवाना, पप्पू शर्मा ने जिंदगी कैसी है पहेली, संजय मखीजा ने पुकारता चला हूं मैं गीत, की शानदार प्रस्तुति दी।

फ्राइडे सिंगर की चौथी वर्षगांठ के मौके पर जिले के वरिष्ठ साहित्यकार व इतिहासविद प्रोफेसर शरद नारायण खरे को साहित्य के क्षेत्र में उनकी उल्लेखनीय योगदान के लिए स मानित किया गया। इसके अलावा मृदु- किशोर ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज की डायरे टर श्रीमती मृदुला काल्पीवार को संगीत के क्षेत्र में लंबे समय से लोगों को प्रोत्साहित कर मंच उपलब्ध करा कर संगीत की उल्लेखनीय सेवा करने के लिए स मानित किया गया। फ्राइडे सिंगर्स द्वारा ग्रुप के शक्ति क्षेतीजा व गीता क्षेतीजा और अभिषेक अग्निहोत्री व प्रियंका अग्निहोत्री की वैवाहिक वर्षगांठ भी मनाई गई। इस मौके पर प्रोफेसर शरद नारायण खरे और श्रीमती नीलम खरे ने श्रोताओं की फरमाइश पर युगल गीत प्रस्तुत किया जिसे काफी सराहा गया।

## जीत के बाद पहली बार मोहगाँव ब्लाक के ग्राम मचला और पिपरिया पहुँचे विधायक चैन सिंह वरकड़े

मंडला यशोः- जिले के ब्लाक मोहगाँव अंतर्गत ग्राम पंचायत मचला और पिपरिया में 15/12/2023 को निवास विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 106 के नव निर्वाचित विधायक चैन सिंह वरकड़े पहुंचे। ग्राम के लोगों ने विधायक को अपने गाँव पहुँचने पर जोरदार पुष्प हारों व तिलक वंदन कर स्वागत व आशीर्वाद प्रदान किये। ग्राम के लोगों ने ग्राम में विभिन्न विकास कार्यों के कमी के विषय पर विधायक जी को अवगत कराये गये। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष गत सिंह भवेदी, मध्यप्रदेश आदिवासी कांग्रेस महासचिव कमल सिंह मरावी, जनपद पंचायत पूर्व सदस्य धन्नू सिंह धुर्वे, जनपद पंचायत सदस्य श्रवण परते, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष इकबाल खान, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष नफीस मलिक, आदिवासी कांग्रेस जिला अध्यक्ष राधे शाह मरावी, जनपद पंचायत सदस्य महेंद्र मरकाम, जनपद पंचायत सदस्य प्रेम लता उइके, ग्राम पंचायत मचला सरपंच सिलोचना कुलस्ते, मध्यप्रदेश कांग्रेस बिजली समस्या निवारण प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव आसिफ मलिक, सेवक राम उइके, अशोक मरावी, निक्कू मलिक, पीतम झारिया, जयपाल मार्को, फग्गन सिंह मरावी, दिलीप पंद्रो, राम लाल कोर्चे, हीरा सिंह उइके, सेवक राम धुर्वे सहित ग्राम पंचायत मचला के ग्रामीण जन उपस्थित रहे। इसके बाद देर शाम को विधायक ग्राम पिपरिया में मुनू मंडलम अध्यक्ष मानिक परते के दादी माँ की दशगात्र कार्यक्रम में शामिल हुए।

# हम सब सनातनी हैं हमे अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा स्वयं करनी होगी धर्मसभा पर बोले जगतगुरू शंकराचार्य

## द्वारका शारदापीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का हुआ नगर आगमन

**25 दिस बर तक होगा श्रीअष्ट लक्ष्मी महायज्ञ**

मण्डला यशोः- 17 दिस बर से 25 दिस बर तक श्रीअष्ट लक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण का संगीतमय आयोजन मेहर बाबा कुटी मैदान देवदरा मण्डला में किया जाना है इस पुनीत कार्य की शुरूआत के अवसर पर शुक्रवार को द्वारका शारदापीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का महिष्मति नगरी में आगमन हुआ। महाराज श्री का नगर में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। तदउपरांत महाराज श्री को कार्यक्रम स्थल लाया गया। जहां पर धर्मप्रेमियों ने पुष्पवर्षा करते हुए उनका भव्य स्वागत किया। यहां पर जयकारा के साथ सनातन धर्म के नारे लगाए गए कार्यक्रम का संपूर्ण विवरण समाजसेवी नीरज अग्रवाल ने रखा। धर्मसभा के आरंभ में मु य यजमान गोवर्धन प्रसाद अग्रवाल एवं श्रीमति हेमलता अग्रवाल एवं श्री रावत ने महाराजश्री का पादुका पूजन करते हुए संकल्प लिया। भागवत रसिक कथावाचक पं. रामगोपाल शास्त्री नीलू महाराज वरदान आश्रम अंजनिया ने महाराज श्री को आयोजित अष्ट लक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण के बारे में विस्तार से बताया वहीं महाराज श्री ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मंदिर दर्शन से पूजा का फल मिल जाता है। ओम के ऊपर की बिंदू ही मां है वेद-शास्त्रों के अनुसार आचरण करना ही मनुष्यता है। महाराज श्री ने कहा कि जब युग परिवर्तन होता है तब सब कुछ जलमग्न हो जाता है। उस समय सिर्फ के ऊपर की बिंदु का विलय नही होता यही बिंदु माँ है। जिससे पुनः सृजन होता है संसार के सभी शब्द सभी प्रत्यक्ष-प्रत्यक्ष वस्तु भी इस माँ शब्द के आगे बौने है। सनातनी हिन्दू हो तो पूजा पद्धति का ज्ञान आवश्यक है। वेद-शास्त्रों के अनुसार आचरण जरूरी है पूजा करना करवाना यज्ञ करना करवाना, गौ सेवा करना गौदान करना आवश्यक है। यह भी कहा कि अध्यात्म में मनुष्य तीन प्रकार के कर्म करता है। धार्मिक कार्य यज्ञ अनुष्ठान इत्यादि इष्ट कर्म होते है। मंदिर, अस्पताल,स्कूल आदि का निर्माण करवाना पूरित कर्म होते हैं। वहीं यज्ञ, अनुष्ठान की दक्षिणा के बाद दी जाने दक्षिणा दत्त कर्म कहलाते हैं। बड़े भाग्य से ये मनुष्य तन प्राप्त हुआ है। वेद शास्त्रों के अनुसार चलना ही मनुष्यता है। मोक्ष प्राप्ति के लिए ही मनुष्य रूप मिला है लेकिन सत्कर्म करोगे तो मोक्ष मिलेगा। अगर सत्कर्म नहीं करोगे, तो अनेक योनियों में भटकना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा करना राजा का काम हैं राजा अगर अच्छा है तो धर्म और सनातन दोनो बचे रहेगे वहीं उन्होंने स्कूलों में धार्मिक पढ़ाई न होने पर चिंता भी व्यक्त की उनका मानना है स्कूलों में धार्मिक पढ़ाई भी होनी चाहिए। सांस्कृति और संस्कार को बचाए रखना आज चुनौती बन गया है। इस दौरान उन्होंने उपस्थितजनों को धर्म-अधर्म मानव सेवा शोषित पीड़ितों की सेवा के साथ ही गौसेवा करने का आव्हान भी किया है। महाराजश्री ने यज्ञ स्थल का भ्रमण करते हुए पुष्प से कुंड स्थल की पूजा भी की इस दौरान यज्ञ के संयोजक और धर्मगुरू पं. नीलू महाराज ने महाराजश्री और उपस्थितजनों बताया कि सोमवार को यज्ञ शाला के अंदर के कलशों में 35 पवित्र नदियों का जल एवं चार समुद्रों का जल एवं 24 तीर्थों की मिट्टी छोड़ी जायेगी जिनमें नैमिसारन्य, काशी, वृंदावन, चारों धाम, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम, द्वारिका, बद्रीका धाम, हरिद्वार, रेवा सागर संगम पुष्कर की मिट्टी प्रमुख हैं। जो यहां यज्ञ के दौरान देखने को मिलेगी। सहित लगभग 108 महात्माओं का आगमन होगा। विद्वत विप्र स मेलन गीता जयंती उत्सव में श्लोक पाठन प्रतियोगिता विराट सुहागलों का आयोजन आदि स पन्न होंगे। यहां पर उत्कृष्ट योग में नवग्रह के पौधे भी स्थापित किए गए। यह यज्ञशाला वैदिक पद्यति से निर्मित की गई है। 9 कुंडीय यज्ञ शाला में पूर्व द्वार पर शंख, दक्षिण द्वार पर चक्र, पश्चिम द्वार पर गदा एवं उत्तर द्वार पर कमल स्थापित किया गया है। वहीं खंभात की खाडी गुजरात से लाए गये अति विशिष्ट श्रीयंत्र का मान सरोवर से लाए गये श्रीयंत्र का अभिषेक होगा और रवि पुष्य योग रविवार से श्रीयंत्र का नित्य अर्चन प्रारंभ हो जायेगा जो यज्ञ पर्यन्त चलेगा। अष्टलक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ में जिस गौर गणेश का पूजन होगा यह गौर गणेश की गोबर की मूर्ति भारत की सबसे बड़ी गौशाला जडखोर राजस्थान की गौशाला से लाई गई है। यज्ञ शाला के अंदर के कलशों में 35 पवित्र नदियों का जल एवं चार समुद्रों का जल एवं 24 तीर्थों की मिट्टी छोड़ी जायेगी जिनमें नैमिसारन्य, काशी, वृंदावन, चारों धाम, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम, द्वारिका, बद्रीका धाम, हरिद्वार, रेवा सागर संगम पुष्कर की मिट्टी प्रमुख हैं। जो यहां यज्ञ के दौरान देखने को मिलेगी। धर्मप्रेमियों से तन मन धन से सहयोग करने अपील की गई है। इस दौरान जिले के गणमान्य नागरिक समाजसेवी पत्रकार अधिवक्ता उपस्थित रहे वहीं ब्रा हण समाज ने महाराज श्री का पुष्पमाला से स्वागत करते हुए महिष्मति नगरी के आगमन पर आभार व्यक्त किया। वहीं महाराज श्री यहां से वरदान आश्रम सेवा समिति अंजनिया के लिए रवाना हुए जहां पर उन्होंने भक्तों से मुलाकात करते हुए विश्राम किया। यहां सैकड़ो की सं या में धर्मप्रेमी और उनके शिष्य मिलने पहुंचे।



दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati.com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297